## एक नजर में



### मिलावट रोकने हेतु प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

**रेहटी.** मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद्य दुकानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है. इसी क्रम में ग्राम चकल्दी में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण करते हुए विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के नमूने लिए. खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती ज्योति बंसल द्वारा फरमान किराना से चाय, विशाल रेस्टोरेंट से नमकीन, गौरव किराना से नमक एवं रवा, साईं किराना से नमक एवं चायपत्ती, ट्विंकल ढाबा से मैदा तथा होटल 54 से दही एवं नमकीन के नमूने लिए गए जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है. अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.



### पिता की स्मृति में अस्पताल को भेंट किया हाईटेक पलंग

**सीहोर.** पिछले दिनों जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा और नीरज शर्मा के पिताजी का लंबी और गंभीर बीमारी के बाद निधन हो गया था. जिसके बाद माताजी की प्रेरणा से दोनों भाईयों ने शनिवार को जिला अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. आरके वर्मा को आईसीयू वार्ड के मरीजों के लिए एक नया अत्याधुनिक सर्वसुविधायुक्त पूर्ण स्वचालित पलंग दान किया. यहां भर्ती बुजुर्ग मरीजों के लिए डायपर्स के पैकेट भी भेंट किए. कार्यक्रम में डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, सतीश दरोठिया, जय सिंह भारती आदि उपस्थित रहे.



### राजराजेश्वरी माता मंदिर में कथा श्रवण करने उमड़ रही भीड़

**सीहोर.** चाणक्यपुरी में मां राजराजेश्वरी माता मंदिर समिति द्वारा शिव परिवार,शीतला माता और हनुमानजी महाराज की प्रतिमाओं की स्थापना के लिए प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन कराया जा रहा है. कायक्रम में पश्रीमति अरूणा सुदेश राय ने बाबा महाकाल की पूजा अर्चना की और श्रद्धालुजनों के साथ बैठकर कथा का श्रवण किया. श्रद्धालुओं को प.रविन्द्राचार्य शर्मा के द्वारा शिव महापुराण कथा का श्रवण कराया जा रहा है. देव प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा विधि पंडित सुनील शर्मा,पंड़ित अखिलेश शास्त्री, पंडित वीरेंद्र शास्त्री, पंड़ित अनमोल शास्त्री के द्वारा शास्त्रोनुसार कराई जा रही है. कार्यक्रम के तीसरे दिन शनिवार को प.रविन्द्राचार्य शर्मा ने विभिन्न शिव कथा प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को शिवभक्ति करने के लिए प्रेरित किया. कथा में शिव भजन सुनकर श्रद्धालुजन भाव विभोर होते रहे.



### कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने किया गांवों का दौरा

**सीहोर.** शनिवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा शहर सहित सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों का दौरा किया तथा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची के सूक्ष्म सत्यापन, मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति, हर पोलिंग पर चल रहे नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने संबंधी जानकारी देते हुए सभी बीएलआ को अपनी भूमिका का निर्वहन करने को कहा गया.



### कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

**भैरूंदा.** कलेक्टर बालागुरू के ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का फील्ड में जाकर निरीक्षण किया. उन्होंने फील्ड पर बीएलओ से कार्य की प्रगति की जानकारी ली. कलेक्टर ने गणना फार्मों के वितरण और प्राप्ति की स्थिति तथा बीएलओ एप पर डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया की भी समीक्षा की. उन्होंने बुधनी विधानसभा के अंतर्गत भैरूंदा, रेहटी, तथा बुधनी तहसील के अनेक मतदान केंद्रों पर पहुंचकर एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो यह सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने निर्देशित किया कि फील्ड में होने वाली किसी भी कठिनाई को तत्काल ईआरओ एवं एईआरओ के संज्ञान में लाया जाए, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके. कलेक्टर ने बताया कि मतदाता सूची की शुद्धता महत्वपूर्ण है और यह कार्य पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ पूरा किया जाना चाहिए. उन्होंने बीएलओ को समय सीमा के भीतर सर्वे एवं डिजिटाइजेशन कार्य पूरा करने के निर्देश दिए.

# कार ने आधा किमी तक बाइक सवार को घसीटा

## बीती रात मंडी थाना क्षेत्र के हाइवे पर हुआ लोमहर्षक सड़क हादसा, एक की मौत, एक गंभीर घायल

- बीती रात बाइक से गांव जा रहे थे दोनों युवक
- पीछे से आ रही कार के चालक ने मारी जोरदार टक्कर

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 22 नवंबर. बीती रात भोपाल- इंदौर हाईवे स्थित ग्राम मुगीसपुर के समीप बाइक पर गांव जा रहे दो युवकों को पीछे से आ रही कार ने कुचल डाला. इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक कार में उलझकर आधा किलोमीटर तक घिसटता गया. उसे गंभीर चोटें आने पर प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर करते हुए पुलिस ने कार चालक की तलाश प्रारंभ कर दी है.**

दो दिन पूर्व इछावर मार्ग पर सड़क हादसे में शिक्षक सहित दो लोगों की मौत और हाईवे पर फंदा टोल के समीप एक बाइक चालक की मौत की सुर्खियां ताजी ही थीं कि बीती रात भोपाल- इंदौर हाईवे पर ही ग्राम मुगीसपुर के समीप एक लोमहर्षक हादसा घटित हो गया. बताया जाता है कि शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे गुड़भेला निवासी कृष्णा वर्मा और शुभम वर्मा बाइक से सीहोर से गुड़भेला गांव की तरफ जा रहे थे. जब यह मुगीसपुर के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही एक कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी. इससे बाइक डिवाइडर से टकराई. इस हादसे में कृष्णा की मौत हो गई जबकि उसका साथी शुभम वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया. उसे नर्मदा अस्पताल भोपाल में भर्ती कराया गया है. जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है.



**सीहोर.** सड़क हादसे में मृतक कृष्णा वर्मा और गंभीर रूप से घायल शुभम वर्मा.

गौरतलब है कि 26 सितंबर को सैकड़ाखेड़ी जोड़ के पास मॉर्निंग वॉक कर रहे युवकों को एक बेकाबू कार ने टक्कर मार दी थी. इस हादसे में दोनों युवक गंभीर घायल हो गए थे जिन्हें भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया था जहां एक युवक ने दम तोड़ दिया था, जबकि दूसरे का उपचार जारी है. स्टेट हाईवे पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार बढ़ता ही जा रहा है. दो दिन पहले भोपाल से गांवों में कपड़े बेचने बाइक से जा रहे बुजुर्ग को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी थी. जिससे उसकीमौत हो गई थी. इस मामले में दो दिन बाद भी पुलिस आरोपी चालक की तलाश नहीं कर सकी है.

### आधा किलोमीटर तक कार के साथ घिसटता रहा युवक

घायल युवक के चाचा हरि ओम वर्मा ने बताया कि शुभम मेडिकल दुकान पर काम करता है. जबकि मृतक युवक इंदौर में पढ़ रहा था. रात को सीहोर से जब यह दोनों घर आ रहे थे तो पीछे से अंधी रफ्तार से आ रही कार के चालक ने इन्हें टक्कर मारी. इसके बाद शुभम कार में फंस गया तो उसे यह काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया. आगे जाकर किसी वाहन चालक ने उसकी कार को रोका तब जाकर शुभम को बाहर निकाला लेकिन इस बीच कार चालक भाग गया. लोगों ने बताया कि कार में बुरी तरह फंसा युवक करीब आधा किमी तक घिसटता हुआ गया. इससे उसका शरीर पर गहरे घाव हो गए. उसे गंभीर हालत में भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### घटनास्थल पर मिली कार की टूटी नंबर प्लेट

इस लोमहर्षक सड़क हादसे को अंजाम देने वाली कार की नंबर प्लेट घटनास्थल पर ही टूटकर गिर गई थी. जिसे वहां मौजूद लोगों द्वारा उठाकर पुलिस को सूचना दी गई. हालांकि घटना के बाद कार चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था. सूत्रों की मानें तो कार की नंबर प्लेट के आधार पर कार मालिक का सुराग मिल गया है. शीघ्र ही उसे पुलिस तलाशकर गिरफ्तार कर लेगी.

### सीजन में पहली बार दिखा कोहरा

**सीहोर.** हवा का रुख उत्तर से बदलकर पूर्वी होने से भले ही तेज ठंड से लोगों को राहत मिली हो लेकिन हवा की रफ्तार बहुत कम होने से सीजन में पहली बार कोहरा छाया. हालांकि कोहरे में दृश्यता 60 से 70 मीटर रही. ऐसे में अधिकतम तापमान 27.5 और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे मौसम साफ रहेगा, लेकिन हवा का रुख पूर्वी होने से तापमान में गिरावट कम होगी, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से तेज ठंड की संभावना बन सकती है. मौसम विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पिछले दिनों हवा का रुख उत्तरी होने और हवा की रफ्तार अधिक होने के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई थी और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक रिकार्ड किया गया, लेकिन पिछले दो दिन से अचानक हवा का रुख उत्तर से बदलकर पूर्वी हो गया. जिससे रात के तापमान में बढ़ोत्तरी शुरू हो गई. स्थिति यह रही कि शनिवार को अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

### आगामी माह में आएंगे अवधेशानंद महाराज

**आष्टा.** अंचल पर स्वामी अवधेशानंद महाराज की सदैव सद कृपा रही है. स्वामी द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ की और से युवा सदस्य शुभम शर्मा ने विगत दिवस स्वामी से भेंट कर आग्रह किया कि विगत नौ वर्षों से आपका शुभ आगमन नगर में नहीं हुआ है. नगर के श्रद्धालु आपके प्रवचन चाहते हैं. इस अवसर पर स्वामी अवधेशानंद ने कहा कि आष्टा की आस्था अनूठी है. मैं शीघ्र आष्टा आऊंगा.

## बजरंग दल छात्रों को देगा नैतिक शिक्षा

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 22 नवंबर.** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा निजी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास की सही जानकारी दी जाएगी और उनके बौद्धिक विकास को मजबूत किया जाएगा.

इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद नैतिक शिक्षा आयाम की विशेष नगर स्तरीय बैठक का आयोजन बुधवार को आदि श्री विश्राम गृह में किया. बैठक में निजी स्कूलों के संचालक प्रबंधक प्राचार्य भी सम्मिलित हुए. केंद्रीय सह मंत्री गोविंद शिंडे का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ. नैतिक शिक्षा आयाम के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के नैतिक शिक्षा आयाम के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार शर्मा राजगढ़ विभाग संगठन मंत्री भानुसिंह राजपूत,जिला नैतिक शिक्षा प्रमुख राकेश कुमार विश्वकर्मा ने भी बच्चों की नैतिक शिक्षा पर बल दिया.

नैतिक शिक्षा आयाम के प्रमुख सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि सभी स्कूलों में विशेष पुस्तक के माध्यम से बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी. विद्यार्थियों को भगवत गीता, रामायण, महाभारत व महाग्रंथों के माध्यम से नैतिक शिक्षा दी जाएगी.

उक्त बैठक में महेश मेवाड़ा, आशीष सिसोदिया, परमवीर जाट, आशीष कुशवाह, यज्ञेश, हेमन्त विश्वकर्मा, समीर राय, अक्षय साहू, शुभम मालवीय और वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे.



## मंदिरों से दानराशि चुराने वाले को दबोचा

- दो माह में कई मंदिरों की दान पेटी को बनाया था निशाना
- आरोपी ने चोरी की राशि से खरीदा था मोबाइल

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 22 नवंबर.** कोतवाली पुलिस ने आखिरकार रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मंदिरों की दानपेटी को निशाना बनाने वाले को पकड़ने में सफलता हासिल की है. आरोपी से मंदिर से चोरी गई दानपेटी ,नगदी व चोरी के पैसों से खरीदा मोबाइल कुल सामान 30 हजार रुपए का बरामद किया गया है.

गौरतलब है कि गत जुलाई और अक्टूबर माह में नगर के विभिन्न मंदिरों की दानपेटी से दानराशि चुराने की घटना ने लोगों में आक्रोश का माहौल निर्मित कर दिया था. थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी थी. कोतवाली थाने की पुलिस की टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर तंत्र के मदद से मंदिर की दानपेटी व सूने घरों के ताले काट कर चोरी करने वाले शातिर चोर शानू उर्फ सुनील पिता राकेश सोलंकी उम्र 30 साल, निवासी जोशी मोहल्ला गंज सीहोर को गिरफ्तार किया है. आरोपी द्वारा दो मंदिरों सहित एक निजी मकान में चोरी करना कबूल किया है. आरोपी से मंदिर से चोरी गई दानपेटी, नगदी व चोरी के पैसे से खरीदा मोबाइल कुल सामान करीब 30 हजार रुपए का बरामद किया.आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है.

## एसआईआर का उद्देश्य त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाना

- भाजपा संगठन प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने दिए निर्देश
- कार्यशाला में विधायक सुदेश राय व नपाध्यक्ष भी हुए शामिल

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 22 नवंबर.** एसआईआर यानी संपर्क, विस्तार और समीक्षा कार्यशाला का आयोजन हुआ. बस स्टैंड स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में भाजपा संगठन प्रभारी एवं नागदा विधानसभा से विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह शामिल हुए.

इस दौरान उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह से त्रुटिरहित विश्वसनीय बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित हो सके. कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण से हुई. इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के अलावा समस्त पार्षद शामिल थे. भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहाएसआईआर को लेकर सभी भाजपा पार्षद को बीएलओ-वन बनाया गया है, जो कार्यक्रम को लेकर आमजन को जागरूक करने के साथ समझाएंगे और अपने वार्ड में घर-घर जाकर सहभागिता सुनिश्चित करेंगे. नपा अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने कहा चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं पारदर्शी बनाने में सहभागिता निभाएगा.




## कार्यशाला में साइबर फ्राड से कराया अवगत

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 22 नवंबर.** शनिवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार जिले के थानों में पदस्थ पुलिस कर्मचारियों का प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें जिले के 50 पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया.

प्रशिक्षण सेमिनार में साइबर पुलिस पोर्टल, सीईआईआर पोर्टल , समन्वय पोर्टल तथा ऑनलाइन 1930 हेल्पलाइन पर होल्ड राशि के वापस कराने की प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई तथा सभी पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षित किया गया ताकि साइबर फ्रॉड की शिकायत, साइबर अपराध से संबंधित मामले तथा विभिन्न पोर्टल का कैसे उपयोग करना है के बारे में बताया गया. एसपी श्री शुक्ला द्वारा सभी कर्मचारियों से सभी पोर्टलों के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए प्रतिदिन पोर्टल लॉगिन कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए. साइबर टीम द्वारा साइबर अपराधियों द्वारा आमजन को झांसे में लेकर बैंक खातों से धन ट्रांसफर कर फर्जी ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराने, तथा होल्ड मनी फ्राड की धनराशि को फ्रीज करवाने की प्रक्रिया पर भी मार्गदर्शन दिया गया. कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक सुशील साल्वे भी उपस्थित रहे.

## कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधि कर मनाया एनसीसी दिवस

- पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में हुए विभिन्न आयोजन
- कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने किया पौधरोपण

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 22 नवंबर.** चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने 77 वें एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में गतिविधियां कर एनसीसी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया. इस अवसर पर कैडेट्स ने वृक्षारोपण किया.

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ रोहिताश कुमार शर्मा द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया. साथ ही प्राचार्य डॉ शर्मा ने कैडेट्स को अपने संबोधन में वृक्षारोपण का महत्व,पर्यावरण संरक्षण, एनसीसी में अनुशासन और कैडेट्स के दायित्वों के विषय में समझाया. कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स द्वारा परिसर में गुलाब, गुलमोहर, पीपल, गुड़हल आदि के पौधे रोपे गए. कार्यक्रम में उप प्राचार्य डॉक्टर उदय डोलस एवं प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र, हवलदार भूपेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे. डॉ. उदय डोलस ने कैडेट्स को अपने सम्बोधन में कहा की हमें प्रकृति के प्रति भी उतना ही सजग रहना चाहिए जितना कि हम अपने घर और परिवार के प्रति सजग रहते हैं. उन्होंने कहा वृक्ष लगाना बड़ी बात नहीं है, बड़ी बात है वृक्षों का जिम्मेदारी से पालन पोषण करना. इस मौके पर कैडेट्स ने स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया.




**लापरवाही** संबंधित विभाग की उदासीनता के चलते अवैध रूप से बिक रहा पेट्रोल- डीजल

## पंप ही नहीं किराना दुकानों पर भी बिक रहा पेट्रोल

**नवभारत न्यूज**

**इछावर 22 नवंबर.** नगर के अधिकांश पेट्रोल पंप पर कई तरीके की अनियमिताएं है और आए दिन शिकायत मिल रही है. पेट्रोल पंप पर जो लड़के काम करते हैं, उनके द्वारा वाहन चालकों को पेट्रोल डीजल कम दिया जाता है और वाहन चालकों के साथ बदतमीजी की जाती है. कई बार विभाग के अधिकारियों को शिकायत की है पर उसके बाद भी निरीक्षण नहीं होता है. इसी प्रकार क्षेत्र के ग्रामों में संबंधित विभाग की मेहरबानी के चलते अवैध दुकानों से भी बड़े पैमाने पर डीजल पेट्रोल बिक रहा है.

गौरतलब है कि पेट्रोल पंप से ज्यादा रेट पर बेचते हैं. यह अवैध दुकानदार डीजल-पेट्रोल गरीब वाहन चालकों को पर संबंधित विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते. इन अवैध दुकानदारों के पास न तो डीजल-पेट्रोल रखने की सही व्यवस्था है और न ही लाइसेंस हैं. ऐसे ही किराना दुकानों पर भी बिना लाइसेंस के ज्यादा रेट पर बेचते हैं. हल्की क्वालिटी के तेल, मसाले, तुवर दाल आदि किराने का सामान और कई होटलों पर घरेलू के सिलेंडर भी इस्तेमाल हो रहे हैं. पर विभाग आंख बंद कर कर बैठा है. जिससे क्षेत्र में आए दिन बड़े हादसे होने की आशंका बनी रहती है. सूत्रों की मानें तो बिना अनुमति ज्यादा रेट के ऊपर वस्तु सेमलीजदीद, खेजड़िया, ब्रिजिशनगर, नादान, बोरदीकला दिवड़िया, आर्या, इछावर, भाउखेड़ी, कोलार डैम, बावरिया चोर आदि ग्रामों में अवैध रूप से यह कारोबार चल रहा है. करीबी सूत्र बताते हैं कि अधिकारी तो गैस एजेंसी पर भी निरीक्षण करने नहीं पहुंचते और न ही पेट्रोल पंप पर जाकर देखते. इस संबंध में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह का कहना है कि खाद्य विभाग का काम है निरीक्षण करना यदि वह समय पर नहीं कर रहे हैं तो मैं जांच के आदेश देता हूं.




## खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 22 नवंबर.** शहर के सैकड़ाखेड़ी भोपाल इंदौर हाईवे पर स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे.

इंदौर से आए गोकुल पुरोहित ने कहा कि चमत्कारी बाबा श्याम की महिमा निराली' इस कहावत का अर्थ है कि खाटू श्याम जी की महिमा और कृपा अद्भुत और अलौकिक है. यह भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं और उन्हें जीवन के दुखों से मुक्ति दिलाते हैं, इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है. बाबा श्याम भक्तों की हर मन्नत पूरी करते हैं. इसी वजह से उन्हें लखदातार भी कहा जाता है, क्योंकि वे देने में अपार हैं. लोग बाबा श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने के लिए तरह-तरह से उनकी भक्ति और सेवा करते हैं.मंदिर के मांगीलाल सोलंकी ने बताया कि एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई थी. यह यात्रा सीहोर नरेश चमत्कारी बाबा श्याम के प्रथम वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हुई थी.इस यात्रा में भारी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और निशान को बाबा के मंदिर पहुंचाया. शनिवार को कन्याओं का निशुल्क विवाह सम्मेलन किया गया. इस मौके पर विहिप के विवेक राठौर, जगदीश कुशवाहा, मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी का स्वागत सम्मान मांगीलाल सोलंकी, जगदीश सोलंकी, ओम सोलंकी, दिनेश सोलंकी, महेश सोलंकी, ऋषि सोलंकी, पराग सोलंकी आदि सोलंकी परिवार की ओर से किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में बाबा श्यामप्रेमी उपस्थित थे.